दिनांकः 06.10.2023 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

भारतीय रिजर्व बैंक ने आज मौद्रिक नीति की घोषणा की। मौद्रिक नीति समिति ने सर्वसम्मति से नीतिगत रेपो दर में कोई बदलाव नहीं किया है। यह 6 दशमलव 5 प्रतिशत पर बनी रहेगी। बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने समिति की बैठक के बाद बताया कि उभरते व्यापक आर्थिक, वित्तीय विकास और दृष्टिकोण के विस्तृत मूल्यांकन के बाद समिति ने इसे सर्वसम्मति से कायम रखने का निर्णय लिया है। लगातार चौथी बार दर अपरिवर्तित रखी गयी है। स्थायी जमा सुविधा–एसडीएफ दर 6 दशमलव दो पांच प्रतिशत और सीमांत स्थायी सुविधा–एमएसएफ दर और बैंक दर 6 दशमलव सात पांच प्रतिशत पर बनी हुई है। आरबीआई ने वर्ष 2023–24 के लिए वास्तविक जीडीपी वृद्धि 6 दशमलव 5 प्रतिशत, दूसरी तिमाही में 6 दशमलव 5 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 6 प्रतिशत और चौथी में पांच दशमलव सात प्रतिशत रहने का अनुमान व्यक्त किया है।

....

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज प्रदेश दौरे पर हैं। बीकानेर संभागीय आयुक्त उर्मिला राजोरिया, आइजी पुलिस और ज़िला कलेक्टर सहित कई अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने उनकी अगवानी की। उन्होंने बीकानेर के नाल एयरफोर्स स्टेशन पर जिले के राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों से मुलाकात की। इसके बाद वे सीकर के लिए रवाना हुए। उनका वहां लक्ष्मणगढ़ के मोदी विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों को संबोधित करने का कार्यक्रम है। एक दिवसीय यात्रा में उप राष्ट्रपति त्रिवेणी धाम, सांगलिया धूणी और वीर तेजाजी मंदिर में दर्शन भी करेंगे।

....

राजसमंद सांसद दीया कुमारी ने मारवाड़ जंक्शन और कामलीघाट के बीच विस्टाडोम हेरिटेज ट्रेन शुरू होने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री की सोच और दृष्टिकोण का ही परिणाम है कि उन्होंने पर्यटन की दृष्टि से सबसे समृद्ध राजस्थान को विस्टाडोम ट्रेन की सौगात दी है। गौरतलब है कि हेरिटेज ट्रेन को प्रधानमंत्री ने कल वर्चुअल रूप से मारवाड़ जंक्शन से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। इसके बाद दीया कुमारी ने कामलीघाट पहुंच हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को वापस मारवाड़ जंक्शन के लिए रवाना किया। हेरिटेज ट्रेन के कामलीघाट रेलवे स्टेशन पहुंचने पर ट्रेन का आम नागरिकों ने पुष्पवर्षा करके स्वागत किया। गोरमघाट की वादियों को देखकर सांसद ने कहा कि ये कश्मीर और हिमाचल के जैसा लगता है। उन्होंने कहा कि यह हेरीटेज ट्रेन राजस्थान के गौरवशाली अतीत से परिचित कराने के साथ–साथ गोरमघाट के अलौकिक प्राकृतिक सौंदर्य के दर्शन कराएगी। इस ट्रेन से राजसमंद जिले के पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

....

आज विश्व मस्तिष्क पक्षाघात दिवस है। सेरेब्रल पाल्सी के प्रति जागरुकता लाने के लिए यह दिवस पूरी दुनिया में छह अक्टूबर को मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम है – टुगेदर स्ट्रॉंगर। यह दिवस मस्तिष्क पक्षाघात से पीड़ित और अन्य लोगों में एकता, सहयोग और आपसी समर्थन का महत्व दर्शाता है। मस्तिष्क पक्षाघात एक ऐसा विकार है, जो व्यक्ति के चलने–फिरने और संतुलन बनाऐ रखने की क्षमता को प्रभावित करता है।

....

केन्द्रीय युवा मामले और खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने एशियाई खेलों में तीरंदाजी रिकर्व महिला टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने पर भजनकौर, अंकिता भकत और सिमरनजीत कौर को बधाई दी है। श्री ठाकुर ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि 2010 के बाद से भारत के लिए इस स्पर्द्धा में पहला

पदक एक सराहनीय उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि यह विजय हमारे तीरंदाजों के कौशल और संकल्प शक्ति का परिचायक है।

....

रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए दिल्ली सराय रोहिल्ला–उदयपुर चेतक एक्सप्रेस का प्रायोगिक तौर पर आगामी आदेशों तक अटेली स्टेशन पर ठहराव को मंजूर किया है। यह ठहराव 8 अक्टूबर से लागू होगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया कि ये रेलगाड़ी उदयपुर से प्रस्थान कर अटेली स्टेशन पर दो मिनट के लिए ठहराव करेगी।

....